# अंचल अधिकारी, छत्तरपुर (पलामू) का कार्यालय।

अभिलेख वाद सं0— 71/2016-17

**वाद का प्रकारः— बिहार (झारखण्ड) भूमि सुधार अधिनियम 1950, की धारा 4(h) के तहत जाँच एवं कारवाई से संबंधित।**

| तिथि | आदेश फलक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 3.10.21 | झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक 2074/रा0 दिनांक 13.05.2016 सह–पठित –श्री अनुप मुखर्जी निदेशक, भू– अर्जन–सह–विशेष सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का पत्रांक सं0–3 खा0म0निति 119/85/2308/रा0, दिनांक 03.09.1985 एवं सह–पठित राजस्व विभागीय, परिपत्र सं0– 914/रा0 दिनांक 09.12.1998 एवं विभागीय पत्रांक 1704/रा0. दिनांक 15/07/2020 में निहित निदेश के अनुपालन में गैरमजरूआ खास भूमि **(किस्म जंगल–झाड़ी)** की कायम की गयी जमाबंदियों की जाँच प्रारंभ की गयी। जाँच के क्रम में हल्का राजस्व कर्मचारी एवं प्रभारी अचंल निरीक्षक के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि, निम्नांकित विवरणी की भूमिः–<br>मौजा अरर थाना नं0 0264 खाता सं0 63 प्लॉट सं0 865 रकबा 0.16½ एकड़ की भूमि जो गत सर्वे में गैरमजरूआ मालिक किस्म **जंगल–झाड़ी,** अनाबाद बिहार/झारखण्ड सरकार के खाते की सरकारी भूमि है, जिसकी जमाबंदी उस मौजा के पंजी–II के जिल्द सं0 II के पृष्ट सं0 58 पर जमाबंदी रैयत हीरा साहु पिता भुनेश्वर साहु के नाम से कायम है।<br>हल्का कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक द्वारा जाँचोपरान्त उपर्युक्त भूमि विवरणी के विरूद्ध कायम जमाबंदी को संदिग्ध प्रतिवेदित किया गया है।<br>हल्का कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन से प्रतीत होता है कि उपर्युक्त जमाबंदी बिना सक्षम प्राधिकार के आदेश के आधार पर /सादाहुकुमनामा के आधार पर, कायम की गयी है, जिसका उद्देश्य निजी लाभ एवं राज्य को क्षति कारित करना है।<br>प्रथम दृष्टया उपर्युक्त से स्पष्ट होता है कि उपर्युक्त विवरणी की जमीन की सृजित जमाबंदी अवैध प्रतीत होती है, जिसका बिहार (झारखण्ड) भूमि सुधार अधिनियम 1950, की धारा 4(h) के तहत जाँच किया जाना वांछनीय प्रतीत होता है।<br>अतएव, संबंधित जमाबदी रैयत को नोटिस निर्गत कर उपर्युक्त भू–खण्ड से संबंधित मूल दस्तावेजों/निर्गत लगान रसीद की मांग करें तथा उनकों कारण पृच्छा करें, कि क्यों नहीं उक्त जमाबंदी को अवैध मानते हुए इसे बिहार (झारखण्ड) भूमि सुधार अधिनियम 1950, की धारा 4(h) के तहत सक्षम प्राधिकार को रद्द करने हेतु अनुशंसित किया जाय।<br>अभिलेख दिनांक 20.10.2021 को उपस्थापित करें।<br>03/10/21<br>अंचल अधिकारी,<br>छत्तरपुर। | |

20/10/21 अभिलेख उपस्थापित।

नोटिस का तामिला प्राप्त। मांगधारी रैयत/उनके वंशज निर्धारित तिथि को उपस्थित हुए। इनके द्वारा अपने पक्ष में केवाला, वाद छाया प्रति-वर्ष 1975 का, लगान रसीद वर्ष-1991-92, 2005-06, 2014-2015, 2019-20 — ——— ——— समर्पित किया गया है। इस संबध में संबंधित राजस्व कर्मचारी को निदेश दिया जाता है कि प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों को एक सप्ताह के अन्दर गहनतापूर्वक जाँच कर अंचल निरीक्षक के माध्यम से चेक लिस्ट एवं जाँच प्रतिवेदन समर्पित करें।

अभिलेख दिनांक 21.01.2022 को उपस्थापित करें।

20/10/21

अंचल अधिकारी,
छत्तरपुर।

.01.2022 अभिलेख उपस्थापित

राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक का जाँच प्रतिवेदन प्राप्त। संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक द्वारा प्रभारी अंचल निरीक्षक के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा अरर मौजा नं0 0264 खाता सं0– 63 प्लॉट सं0– 865, रकबा 0.16½ किस्म जंगल झाड़ी खतियान के अनुसार गैरमजरूआ मालिक खाते की भूमि है। मांगधारी रैयत/ वंशज के द्वारा दिनांक 01/01/1946 के पूर्व का ठोस राजस्व कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है। चुँकि उक्त प्लॉट का किस्म **जंगल–झाड़ी** दर्ज है, अतः जमाबंदी को नियमितिकरण नहीं किया जा सकती है। उक्त के आलोक में अवैध जमाबंदीदार हीरा साहु पिता भुनेश्वर साहु — के नाम से पंजी–II में कायम जमाबंदी सं0 58/11 को रद्द करने की अनुशंसा की गयी है।

अतः राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षके के प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आधार पर बिहार (झारखण्ड) भूमि सुधार अधिनियम 1950, की धारा 4(h) के तहत पंजी–II में कायम जमाबंदी सं0 58/11 को रद्द करने हेतु अनुशंसा के साथ अभिलेख मूल में भूमि सुधार उप समाहर्ता, छत्तरपुर के माध्यम से अपर समाहर्ता, पलामू को भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

अंचल अधिकारी,
छत्तरपुर।

21/01/22

अंचल अधिकारी
छत्तरपुर।

# कार्यालय, अंचल अधिकारी,छत्तरपुर (पलामू)।

वाद अभिलेख सं0.........71... / 2016-17(अन्तर्गत धारा **4(h). BLR Act, 1950**

सूचना .

बनाम्....... हीरा साहू पिता – भुवनेश्वर साहू

......... ग्राम – अरर ......... थाना – छत्तरपुर.......

जिला – पलामू...........

एतद द्वारा आपको सूचित कया जाता है कि मौजा.... अरर ........... थाना नं0..264 खाता सं0..... 63..... खेसरा नं0,......—....... रकबा... 0.16½ ए०से संबंधित आपके नाम से. ह0 नं0...III..... के पंजी–II भाग ...II...... के पृष्ठ ....58.... पर दर्ज जमाबंदी प्रथम दृष्टया राजस्व उपनिरीक्षक नें अंचल निरीक्षक के माध्यम से जाँचोपरान्त संदिग्ध प्रतिवेदित किया है।

अतएव आप उक्त संबंध में दिनांक........20/10/21..... को समय...11.00 बजे पूर्वाह्न में उक्त भूमि का रिटर्न–1, भूमि बन्दोबस्ती से संबंधित हुकुमनामा, भूतपूर्व जमीदार द्वारा निर्गत जमींदारी रसीदों, निर्गत परवाना एवं अन्य ठोस साक्ष्यों की मूल प्रति / सत्यापित प्रति जो आपके उक्त भूमि पर दावे की पुष्टि करता हो, के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

सनद रहे कि अन्यथा कि स्थिति में समझा जायेगा कि उक्त संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा उपलब्ध दस्तावेज / साक्ष्यों के आधार पर समुचित निर्णय पर पहूँचते हुए दर्ज जमाबंदी के संबंध में युक्ति–युक्त निर्णय लेते हुए विधिसम्मत अनुशंसा कर दी जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

(हस्ताक्षर) 8/10/21

अंचल अधिकारी,

छत्तरपुर।

7667260539.

Krishna pd. Jaiswal.

# संदिग्ध जमाबंदी से संबंधित अंचल स्तर पर भरा जाने वाला चेक–लिस्ट

1. जिला एवं अंचल का नाम – जिला – पलामू  अंचल – छतरपुर

2. अवैध जमाबंदीदार का नाम एंव भूमि का विवरण :–

| जमाबंदीदार का नाम | मौजा | थाना नं॰ | खाता नं॰ | खेसरा नं॰ | रकवा | खतियानी प्रविष्टि | किस्म जमीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हरि साहु पिता भुनेश्वर साहु | अरर | 264 | 63 | 865 | 0.16½ | गैरमजरूआ मालिक | जंगल-झाड़ी |

3. भूमि का वर्त्तमान स्वरूप :– धान खेत

4. अवैध जमाबंदी पंजी–II में कब से संधारित है? :– प्राधिकार कालम मे आधार व वर्ष दर्ज नहीं है।

5. उक्त जामबंदी पंजी–II में दर्ज करने वाले कर्मचारी/पदाधिकारी का नाम (पदाधिकारीयों के उत्तराधिकार पट्टा में अंकित नाम के अनुसार तथा कर्मचारी/कर्मी का नाम अंचल कार्यालय में संधारित सेवा इतिहास पंजी से पत्ता कर उल्लेखित करें) :– प्राधिकार कालम में विवरण दर्ज नहीं है।

6. नामान्तरण/दाखिल – खारिज के उपरान्त संधारित जमाबंदी के मामलों में मूल जमाबंदी रैयत की विवरणी :–

7. अवैध जमाबंदी कायम किये जाने का आधार
   (क) अनिबंधित, सादा हुकुमनामा :–
   (ख) लगान निर्धारण तथा उसका वर्ष (वाद संख्या एवं पारित अदेशानुसार) :–

(प्रश्न 6 एवं 7 (क), (ख) हेतु:) प्राधिकार कालम मे विवरण दर्ज नहीं है।

   (ग) अवैध भू–बंदोबस्ती ( वाद संख्या के साथ) भूदान सहित :–

8. सादा हुकुमनाम की स्थिति में तथा–कथित सादा पट्टा या हुकुमनामा में अंकित मूल्य (100/–रूपये से कम या इससे अधिक) :– नहीं

अवैध जमाबंदी की जाँच किस राजस्व अभिलेख से की गई है :—
(क) भूतपूर्व जमींदार द्वारा दाखिल रिटर्न से :—
(ख) अंचल / अनुमंडल में संधारित बंदोबस्ती पंजी से :—
(ग) दाखिल–खारिज / भू–हस्तांतरण / नामांतरण पंजी से :—

चालू माँग पंजी–II से मिलान किया

10. (क) अवैध जमाबंदी क्या दिनांक–01.01.1946 के पूर्व से कायम है :— नहीं

(ख) क्या दिनांक–01.01.1946 के पूर्व भूतपूर्व जमींदार द्वारा निर्गत जमीनदारी रसीद साल–दर–साल निर्गत है? :— नहीं

11. क्या दिनांक–01.01.1946 के बाद से 1955–56 तक जमीनदारी रसीद तथा उसके बाद सरकारी राजस्व रसीदें लगातार निर्गत है? :— नहीं

12. वर्ष 1954–55 में हुए फिल्ड –बुझारत पंजी में दखल–कब्जा अवैध जमाबंदीदार अथवा उनके पूर्वजों का नाम अंकित था? :— नहीं

13. राजस्व उप–निरीक्षक का जाँच प्रतिवेदन स्पष्ट अनुशंसा सहित :— मौजा – उरर के माँग पंजी–II के पृ.सं.– 58/II पर खाता 63 प्लाट 865 रकबा 0.16½ एकड़ का माँग हीरा साहु पिता – भुवनेश्वर साहु के नाम से कायम है। अधिकार का कॉलम में विवरण दर्ज नहीं है। खाता 63 प्लाट 865 गैरमजरूआ मालिक जंगल झाड़ी दर्ज है। रैयत से दस्तावेज की माँग की गई जिसमें इनके द्वारा जो केवाला प्रस्तुत किया गया वह इससे संबंधित नहीं है। भूमि जंगल–झाड़ी किस्म की है (खतियान के अनुसार) व दस्तावेज के अभाव है अतः ऐसी स्थिति इस माँग को रद्द करने की अनुशंसा की जा सकती है।
सादर : समर्पित/ अतः अग्रेतर कारवाई हेतु जाँच प्रतिवेदन
[signature] R.S. 12/4/22

14. अंचल निरीक्षक का स्थलीय जाँचोपरांत मंतव्य सहित स्पष्ट प्रतिवेदन :—
क्रमांक – 2 पर वर्णित भूमि का प्रारंभिक जमाबंदी को जमाबंदी कायम होने का आधार दर्ज नहीं है। यह गैरमजरूआ मालिक खाता की भूमि है जिसका किस्म जंगल झाड़ी है। वर्तमान में माँगधारी हीरा साहु पिता भुवनेश्वर साहु के नाम से पंजी II के पेज नं० 58/II पर दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि का जमाबंदी रद्द करने की अनुशंसा की जाती है।
[signature]

| अंचल अधिकारी, छत्तरपुर। | भूमि–सुधार उप समाहर्त्ता, छत्तरपुर। | अनुमण्डल पदा., छत्तरपुर। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू। |
| --- | --- | --- | --- | --- |

# संदिग्ध / संदेहास्पद जमाबंदी संबंधी जाँच प्रतिवेदन।

1. संदिग्ध / संदेहास्पद जमाबंदी रैयत का नाम :– हीरा साहू पिता – भुवनेश्वर साहू

2. जमाबंदी से संबंधित भूमि का विवरणी जमाबंदी पंजी II के जिल्द संख्या II पृष्ठ सं. 58 पर कायम है।

| मौजा | थाना नं. | खाता सं. | खेसरा सं. | रकवा |
|---|---|---|---|---|
| अरर | 264 | 63 | 865 | 0.162 ह. |
| | | | | |

3. जमाबंदी किस वर्ष कायम है :– अधिकार कालम में आधार व वर्ष दर्ज नहीं है।

4. खतियान के अनुसार उपरोक्त भूमि के खातेदार का नाम :– गैरमजरूआ मालिक

5. किस सक्षम प्राधिकार / पदाधिकारी के आदेश से जमाबंदी कायम की गयी है :– दर्ज नहीं है।

6. यदि संदेहास्पद जमाबंदी नामांतरण द्वारा स्थापित है तो मूल जमाबंदी रैयत का नाम :– पंजी-II के पृ.सं. 153/I पर दुलैली भुइया वगै. के नाम से (संलग्न शुद्धि पत्र के अनुसार), वर्तमान मांग पंजी-II के पृ.सं. 153/I पर दुलैली भुइया वगै. के नाम से मांग दर्ज नहीं

7. मूल जमाबंदी कायम किये जाने का आधार
(अनिबंधित सादा हुकुमनामा / लगान निर्धारण / अवैध भू–बंदोबस्ती) :–

8. संदेहास्पद जमाबंदी की जाँच किस राजस्व अभिलेख से की गयी
(भूतपूर्व जमीनदार दाखिल रिटर्न / बंदोबस्ती पंजी / लगान निर्धारण पंजी / भू–हस्तांतरण पंजी)
:– मांग पंजी-II से मिलान किया, पंजी-II के पृ.सं. 58/II पर हीरा साहू पिता - भुवनेश्वर साहू के नाम से मांग कायम है परन्तु मांग कायम का कोई आधार दर्ज नहीं है।

9. संदेहास्पद जमाबंदी में लगान रसीद संख्या एवं वर्ष :–

| क्र. सं. | लगान रसीद सं. | रसीद निर्गत तिथि | वसूली वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | 380023 | 19/2/92 | 1991-92 |
| 2 | 3529321 | 30/11/2006 | 2005-06 |
| 3 | 038611 | 10/2/2015 | 2006-2015 |
| | | | |

RSI

# संदिग्ध/ संदेहास्पद जमाबंदी संबंधी जाँच प्रतिवेदन।

1. संदिग्ध/संदेहास्पद जमाबंदी रैयत का नाम :– हीरा साहू पिता – भुनेश्वर साहू

2. जमाबंदी से संबंधित भूमि का विवरणी :–

3. जमाबंदी पंजी II के जिल्द संख्या ...II... पृष्ठ सं. ...58... पर कायम है।

| मौजा | थाना नं. | खाता सं. | खेसरा सं. | रकवा |
|---|---|---|---|---|
| अरर | 0264 | 63 | — | 0.16 1/2 ड़ि. |
| | | | | |

4. जमाबंदी किस वर्ष कायम है :– —प्राधिकार कॉलम में वर्ष दर्ज नहीं है।

5. खतियान के अनुसार उपरोक्त भूमि के खातेदार का नाम :– गैरमजरुआ मालिक

6. किस सक्षम प्राधिकार/पदाधिकारी के आदेश से जमाबंदी कायम की गयी है :– दर्ज नहीं है।

7. यदि संदेहास्पद जमाबंदी नामांतरण द्वारा स्थापित है तो मूल जमाबंदी रैयत का नाम :– दर्ज नहीं है।

8. मूल जमाबंदी कायम किये जाने का आधार
(अनिबंधित सादा हुकुमनामा/लगान निर्धारण/अवैध भू–बंदाबस्ती) :– दर्ज नहीं है।

9. संदेहास्पद जमाबंदी की जाँच किस राजस्व अभिलेख से की गयी
(भूतपूर्व जमीनदार दाखिल रिटर्न/ बंदोबस्ती पंजी/लगान निर्धारण पंजी/भू–हस्तांतरण पंजी)
:– मांग पंजी-II में जमाबंदी कायम होने का आधार दर्ज नहीं है इसलिए संबंधित अभिलेख का जाँच करना संभव नहीं है।

10. संदेहास्पद जमाबंदी में लगान रसीद संख्या एवं वर्ष :–

| क्र. सं. | लगान रसीद सं. | रसीद निर्गत तिथि | वसूली वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | 380023 | 19/02/92 | 1991-92 |
| 2 | 038611 | 30/11/2006 | 2005-06 |
| 3 | | 10/02/2015 | 2014-15 |
| | | | |

Digitally signed by MODASAR NAZAR MANSURI
Date: 2022.12.07 22:13:01 +05:30
Location: 192.168.24.5

03/02/2022